318/14

# ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು-560003

## KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD MALLESHWARAM, BENGALURU-560003

ಕೆ.ಓ.ಎಸ್. ಪರೀಕ್ಷೆ ಜುಲೈ – 2021

## KOS EXAMINATION JULY – 2021

| | | |
|---|---|---|
| Subject / ವಿಷಯ | : | 3rd Language Hindi<br>ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ |
| Subject Code / ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ | : | 201-NS |
| Maximum Marks / ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು | : | 100 |
| Duration of Exam / ಪರೀಕ್ಷೆ ಅವಧಿ | : | 2 hrs. 30 min / 2 ಗಂಟೆ 30 ನಿಮಿಷ |
| Time alloted to read the Instructions / ಸೂಚನೆಗಳನ್ನು ಓದಲು ನಿಗಧಿಗೊಳಿಸಿರುವ ಅವಧಿ : | : | 15 minutes / 15 ನಿಮಿಷಗಳು |
| Timings / ಸಮಯ | : | 9:30 AM – 12:15 PM |

### ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗೆ ಸಾಮಾನ್ಯ ಸೂಚನೆಗಳು / General Instructions to the Candidate

1. ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯು ತನ್ನ ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆಯನ್ನು ಪ್ರವೇಶ ಪತ್ರದಲ್ಲಿರುವಂತೆ ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ನೀಡಿರುವ ಸ್ಥಳದಲ್ಲಿ ಸ್ಪಷ್ಟವಾಗಿ ಬರೆಯತಕ್ಕದ್ದು.

   Candidate should write their register number on the answer booklet as printed in their hall ticket.

2. ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯು ಹೆಚ್ಚುವರಿ ಉತ್ತರ ಹಾಳೆಗಳನ್ನು ಪಡೆದಲ್ಲಿ, ಉತ್ತರ ಹಾಳೆಗಳ ಮುಖಪುಟದ ಮೇಲಿನ ನಿಗದಿತ ಸ್ಥಳದಲ್ಲಿ ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ ಬರೆಯತಕ್ಕದ್ದು.

   Candidate should write their register number on the additional answer sheets in the space provided.

3. ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯು ನಿಗದಿಪಡಿಸಿದ ಸ್ಥಳವನ್ನು ಹೊರತುಪಡಿಸಿ ಇನ್ನಿತರೇ ಯಾವುದೇ ಪುಟಗಳಲ್ಲಿ ನೊಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ, ಗುರುತು, ಚಿಹ್ನೆ ಇನ್ನಿತರೆ ಯಾವುದೇ ಮಾಹಿತಿಗಳನ್ನು ಬರೆಯಬಾರದು. ಒಂದು ವೇಳೆ, ಈ ಬಗೆಯ ಯಾವುದೇ ಮಾಹಿತಿಗಳನ್ನು ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಬರೆದ ಪಕ್ಷದಲ್ಲಿ ಅಂತಹ ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯನ್ನು ಮೌಲ್ಯಮಾಪನಕ್ಕೆ ಪರಿಗಣಿಸುವುದಿಲ್ಲ.

   Candidate should not write register number, mark, sign or any other information in the answer booklet except in the specified place. In case, if found any information in the sheets of the answer scripts, such answer scripts will not be considered for evaluation.

4. ಪರೀಕ್ಷಾ ಸಮಯದಲ್ಲಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯು ಪರೀಕ್ಷಾ ಅವ್ಯವಹಾರದಲ್ಲಿ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡಿರುವುದು ಕಂಡುಬಂದಲ್ಲಿ ಹಾಗೂ ಪರೀಕ್ಷಾ ಸೂಚನೆಗಳನ್ನು ಉಲ್ಲಂಘಿಸಿದ್ದಲ್ಲಿ ಅಂತಹ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯ ವಿರುದ್ಧ ಪರೀಕ್ಷಾ ನಿಯಮಾನುಸಾರ ಶಿಸ್ತು ಕ್ರಮಕ್ಕೆ ಗುರಿಪಡಿಸಲಾಗುವುದು ಮತ್ತು ಅಂತಹ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯ ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆಯನ್ನು ಮೌಲ್ಯಮಾಪನಕ್ಕೆ ಪರಿಗಣಿಸಲಾಗುವುದಿಲ್ಲ.

   Candidate found to be indulged in malpractice during examination and violating examination instructions, action will be taken against such candidate as per the examination rules and his/her answer booklet will not be considered for evaluation.

SEAL

**सूचनाएँ :** (i) उत्तर-पुस्तिका में कहीं भी लाल स्याही अथवा पेन्सिल से न लिखें।

(ii) प्रत्येक प्रश्न का मूल तथा उप-प्रश्नों की क्रम संख्याएँ ठीक तरह से उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

(iii) लिखावट साफ़, सुंदर और स्पष्ट हो।

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के चार-चार उत्तर दिए गए हैं जिनमें से सही उत्तर चुनकर संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए।** **(12 × 1 = 12)**

1. 'प्रिय' शब्द का विलोम रूप है –
   (a) सुप्रिय (b) अप्रिय
   (c) पेय (d) नप्रिय

2. 'मोर' शब्द का अन्य लिंग रूप है –
   (a) शेरनी (b) शोर
   (c) भोर (d) मोरनी

3. 'दुनिया' शब्द का समानार्थक शब्द है –
   (a) जग (b) सौरमंडल
   (c) व्योम (d) पग

4. 'बात' शब्द का बहुवचन रूप है –
   (a) बातों (b) बाहें
   (c) बातें (d) बातओं

5. निम्नलिखित शब्दों में से विजातीय शब्द है –
   (a) गिलहरी (b) कौआ
   (c) खरगोश (d) बिल्ली

6. 'पसीना बहाना' मुहावरे का अर्थ है –
   (a) परिश्रम करना (b) आलसी होना
   (c) भ्रमण करना (d) मुश्किल में पड़ना

7. इंटरनेट का मतलब क्या है? इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(a) अल्पविराम (b) पूर्णविराम

(c) प्रश्नवाचक (d) कोष्टक

8. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(a) चलाना (b) चलवाना

(c) चल (d) चलना

9. निम्नलिखित में से सही वर्तनीवाला शब्द है –

(a) समरक्षण (b) संराक्षण्

(c) संरक्षणा (d) संरक्षण

10. गाँव ―――――― पास ही श्री रंगस्वामी का मंदिर था। रिक्त स्थान में सही कारक चुनकर लिखिए।

(a) का (b) की

(c) के (d) पर

11. 'जलाशय' शब्द में संधि है –

(a) गुण (b) दीर्घ

(c) वृद्धि (d) व्यंजन

12. देश–विदेश शब्द में समास है –

(a) द्वंद्व (b) द्विगु

(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

II. **अ) निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग अपने वाक्यों मे कीजिए :** **(2 × 1 = 2)**

1. संतुष्ट रहना

2. मुसीबत

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :** **(2 × 1 = 2)**

1. लोग उस साहुकार को भक्त करोड़पति कहती थी।

2. स्टेशन पर मेरा खूब स्वागत हुई।

**इ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक–एक शब्द लिखिए :** **(2 × 1 = 2)**

1. कविता लिखनेवाला।
2. जो पढ़ा लिखा न हो।

**ई) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों से कीजिए :** **(3 × 1 = 3)**

1. गिल्लू के जीवन का प्रथम ———————— आया।
2. कर्नाटक का राजमहल कर्नाटक के ———————— का प्रतीक है।
3. आधुनिक मानव ने ———————— पर विजय पायी है।

**उ) सूचना के अनुसार लिखिए :** **(3 × 1 = 3)**

1. तुम सीधे जाते। रास्ते से न भटकते। (यदि ----- तो ------ का प्रयोग कर वाक्य बनाइए)
2. मंदिर का था शिवजी भगवान वह। (सार्थक वाक्य बनाइए)
3. मैं अभी बाज़ार से भुना लाता हूँ। (भूतकाल में बदलिए)

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए :** **5 × 1 = 5**

1. रवींद्रनाथ ठाकुर के पिता कौन थे?
2. तीसरे दिन लेखक के कमरे से क्या गायब हो गया?
3. परमाणु किसे देखकर काँपते हैं?
4. शनै:चर का अर्थ क्या है?
5. हमें किसका आदर करना चाहिए?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक दो या तीन वाक्यों में लिखिए।** **(6 × 2 = 12)**

1. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये?
2. बसंत ने राजकिशोर को छलनी खरीदने के लिए किस तरह प्रेरित किया?

3. भीष्म साहनी जी अन्य बालकों से क्यों जलते थे?

4. तिम्मक्का ने क्या संकल्प किया?

5. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है?

6. झूठ का सहारा लेते हैं तो क्या-क्या सहना पड़ता है?

**V. अ) निम्नलिखित वाक्यों में सही के सामने (✓) और गलत के सामने (×) चिह्न लगाए :** **(5 × 1 = 5)**

1. रवींद्रनाथ ठाकूर ने शांतिनिकेतन की स्थापना की।
2. यशोदा गोधन की सौं खाती है।
3. पंडित राजकिशोर अहीर टीले में रहते थे।
4. डॉ. कंबार विधानपरिषद के सदस्य भी थे।
5. तिम्मक्का का जन्म एक अमीर परिवार में हुआ।

**आ) निम्नलिखित वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए।** **(5 × 1 = 5)**

| | 'अ' | | 'आ' |
|---|---|---|---|
| 1. | ई-गवर्नेंस | (i) | घटप्रभा नदी तट पर |
| 2. | गोलगुंबज़ | (ii) | विचित्र नवीन |
| 3. | गिल्लू की पूँछ | (iii) | कावेरी नदी तट पर |
| 4. | घोडगेरी गाँव | (iv) | व्हिस्परिंग गैलरी |
| 5. | आज की दुनिया | (v) | विचार विनिमय |
| | | (vi) | झब्बेदार |
| | | (vii) | पारदर्शीय प्रशासन |
| | | (viii) | सुलझी हुई। |

[ Turn over

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक चार–पाँच वाक्यों में लिखिए।** **(2 × 3 = 6)**

1. 'वर्चुअल मीटिंग रूम' के बारे में लिखिए।

2. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए।

**VII. अ) निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए:** **(1 × 4 = 4)**

1. विमल इंदु ____________

____________

____________

____________ रही है।

अथवा

2. प्रसार तेरी ____________

____________

____________

____________ गा रही है।

**आ) निम्नलिखित में से किसी एक कवि/लेखक का परिचय दीजिए:** **(1 × 2 = 2)**

1. तुलसीदास

2. महादेवी वर्मा

**VIII. कवि और कविता का नाम लिखकर कवितांश का भावार्थ लिखिए :** **(2 × 4 = 8)**

1. एक हाथ में न्याय–पताका
ज्ञान दीप दूसरे हाथ में,
जग का रूप बदलदे, हे माँ,
कोटि–कोटि हम आज साथ में।
गूँज उठे जय–हिंद नाद से –
सकल नगर और ग्राम,
मातृभू, शत–शत बार प्रणाम।

2. तुलसी साथी विपत्ति के विध्या विनय विवेक।

साहस सृकृति सुसत्यव्रत राम भरोसो एक।।

IX. **सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए :**

1. 'भगवान : तुमने मेरी प्रार्थना सुन ली'।

अ) यह वाक्य किस पाठ का है? (1)

आ) किसने कहा? (1)

इ) किससे कहा? (1)

2. 'जहाँ प्रतिभा की कली खिलती है वहाँ पुरस्कारों की महक फैली ही रहती है'।

अ) यह वाक्य किस पाठ का है? (1)

आ) किसने कहा? (1)

इ) किससे कहा? (1)

3. 'स्याम मोहिं गोधन की सौ, हौं माता तू पूत'।

अ) यह वाक्य किस कविता का है? (1)

आ) किसने कहा? (1)

इ) किससे कहा? (1)

X. 1. कोई भी कारण देते हुए, दो दिन की छुट्टी के लिए अपने अध्यापक को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

2. शैक्षणिक प्रवास के लिए अनुमति माँगते हुए अपने पिता जी को पत्र लिखिए।

**XI. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(5 × 1 = 5)**

डॉ. ए. पी. जे अब्दुल कलाम ने अपनी आत्मकथा में प्रिय शिक्षक अयादुरै सोलोमन के बारे में कहा है कि – रामनाथपुरम् में रहते हुए अयादुरै सोलोमन से मेरे संबंध एक गुरु–शिष्य के रिश्ते से आगे बढ़कर काफी प्रगाद हो गए थे। उनके साथ रहते हुए मैंने यह जाना कि व्यक्ति खुद अपने जीवन में सफल होने और नतीजों को हासिल करने के लिए तुम्हें तीन प्रमुख शक्तिशाली ताकतों को समझना चाहिए – इच्छा, आस्था और उम्मीदें, बचपन से ही आकाश एवं पक्षियों के रहस्यों के प्रति काफी आकर्षित था। मैं सारस को समुद्र के ऊपर मंडराते और दूसरे पक्षियों को ऊँची उडानें भरते देखा करता था। मैंने निश्चय किया कि एक दिन मैं भी आकाश में ऐसी ही उडानें भरुँगा।

प्रश्न :

1. अब्दुल कलाम और अयादुरै सोलोमन के संबंध कैसे थे?
2. अयादुरै सोलोमन के साथ रहते कलाम ने क्या जाना?
3. जीवन में सफल होने के लिए किन–किन ताकतों को समझना चाहिए?
4. कलाम बचपन में किसके प्रति आकर्षित थे?
5. कलाम ने क्या निश्चय किया?

**XII. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पंद्रह–बीस वाक्यों में निबंध लिखिए :** **(1 × 5 = 5)**

1. इंटरनेट से लाभ
2. जनसंख्या की समस्या
3. पर्यावरण की रक्षा

**XIII. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड में लिखिए :** **(5 × 1 = 5)**

1. गीतांजली का एक–एक गीत भावों से परिपूर्ण है।
2. बसंत ईमानदार बालक है।
3. शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है।
4. वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे।
5. तिम्मक्का ने अब तक 300 से भी अधिक पेड लगाये हैं।

SEAI